# RAMA VISION LIMITED

**Corp. Off.:** Rama House, 23, Najafgarh Road, Industrial Area, Shivaji Marg, New Delhi-110015 (INDIA)
Tel.: 011-45349999 Website: www.ramavisionltd.com Email ID: info@ramavisionltd.com

**RVL/SECT/STEX/2026** **June 13, 2026**

**BSE Ltd.**
**Corporate Relationship Department**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street**
**Mumbai- 400001**
**BSE Scrip Code: 523289**

**Subject: Compliance under Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copies of newspaper advertisement published on June 13, 2026 in English Daily “Financial Express” Delhi Edition & Hindi Daily “Uttar Ujala” Nainital Edition regarding Notice to shareholders intimating them about the re-opening of a Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities for a period of one year, i.e., from February 05, 2026 to February 04, 2027, in accordance with SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026.

This intimation shall also be available on the website of the Company www.ramavisionltd.com.

This is for your kind information and record please.

Thanking you,
Yours faithfully,
For **RAMA VISION LIMITED**

RAJ KUMAR SEHGAL
Digitally signed by RAJ KUMAR SEHGAL
Date: 2026.06.13 13:14:13 +05'30'

**(Raj Kumar Sehgal)**
**G.M. (Legal) & Company Secretary**
Encl: As above

# मानसून जनित आपदाओं से निपटने को क्षमता निर्माण पर जोर

**दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, पूर्व चेतावनी प्रणाली, आईआरएस, साइको-सोशल सपोर्ट और क्षति आकलन पर हुआ मंथन**

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मानसून पूर्व तैयारियों पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विभाग विनय रूहेला ने कहा कि इस कार्यशाला से उत्तराखण्ड में मानसून जनित आपदाओं के जोखिम को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के माध्यम से राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों को भूस्खलन, फ्लैश फ्लड, बादल फटना, शहरी बाढ़ तथा अन्य मानसून जनित आपदाओं से निपटने के लिए नवीन तकनीकों, बेहतर समन्वय तंत्र तथा प्रभावी प्रतिक्रिया प्रणाली की जानकारी प्राप्त हुई।

एनआईडीएम के प्रोफेसर नवनीत कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण आपदाओं का स्वरूप लगातार जटिल होता जा रहा है और आने वाले वर्षों में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड जैसी घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे परिदृश्यों का प्रभावी सामना करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक तकनीकों का उपयोग तथा संस्थागत तैयारियों को और अधिक मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने कार्बन ट्रेडिंग के क्षेत्र में उत्तराखण्ड द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके सकारात्मक परिणाम भविष्य में देखने को मिलेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतिभागियों को आपदा प्रभावित व्यक्तियों को प्रदान किए जाने वाले साइको-सोशल सपोर्ट, राहत प्रबंधन तथा समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न आपदा परिदृश्यों पर आधारित टेबल-टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने काल्पनिक आपदा स्थितियों में विभागवार प्रतिक्रिया, संसाधन प्रबंधन, समन्वय एवं निर्णय प्रक्रिया का व्यवहारिक अभ्यास किया। सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सुमन ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मानसून जनित जोखिमों से निपटने के लिए अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। तकनीकी सत्रों में भूस्खलन जोखिम मूल्यांकन एवं न्यूनीकरण, आपदा प्रबंधन चक्र, जलवायु परिवर्तन जनित चुनौतियां तथा आपदा प्रबंधन में उभरती तकनीकों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ड्रोन, जीआईएस, रिमोट सेंसिंग, मोबाइल एप्लीकेशन तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे आधुनिक उपकरण आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी, त्वरित और सटीक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन) प्रकाश चंद्र ने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्द्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में डीआईजी होमगार्ड राजीव बलूनी, डीआईजी एसएसबी दुर्गा बहुदर सोनार, टूआईसी सीआरपीएफ आनंद सिंह, डा.हरिशंकर, वैज्ञानिक, आईआईआरस, डा. बिमलेश जोशी, स्वास्थ्य विभाग, एसके राणा, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, एनआईडीएम के सहायक प्रोफेसर रोहित कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# वित्तीय समावेशन अभियान 15 से योजनाओं से जुड़ेंगे नागरिक

**पीएम जन धन योजना, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई एवं अटल पेंशन योजना से जोड़े जाएंगे पात्र लोग**

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** आगामी 15 जून से 15 जुलाई तक देहरादून की सभी 401 ग्राम पंचायतों एवं 7 स्थानीय शहरी निकायों में विभिन्न बैंकों के माध्यम से वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान संचालित किया जाएगा। यह विशेष अभियान भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को बैंकिंग, बीमा एवं पेंशन योजनाओं से जोड़कर वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है।अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही बैंक खातों की री-केवाईसी, नामांकन अद्यतन तथा डिजिटल वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने पर भी विशेष बल दिया जाएगा।

अभियान का शुभारंभ जनपद देहरादून के विकास खण्ड सहसपुर की ग्राम पंचायत भुड्डी के पंचायतघर परिसर में पंजाब नेशनल बैंक की नयागांव शाखा द्वारा 15 जून को प्रात: 11 बजे आयोजित विशेष शिविर से किया जाएगा। शिविर में बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। शिविर के दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। पात्र लाभार्थियों के नए बैंक खाते खोले जाएंगे तथा बीमा एवं पेंशन योजनाओं में नामांकन की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई जाएगी, जिससे अधिकाधिक लोगों को सामाजिक एवं वित्तीय सुरक्षा का लाभ प्राप्त हो सके। लोगों से अपील की गई है कि वे आयोजित शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा अपने परिवार की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भारत सरकार द्वारा चयनित राज्यों की ग्राम पंचायतों एवं शहरी निकायों में वित्तीय समावेशन योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों और शिविरों का आयोजन किया जाएगा।


**रामा विजन लिमिटेड**

(CIN: L32203UR1989PLC015645)

**कार्पोरेट कार्यालय:** रामा हाउस, 23, नजफगढ़ रोड, औद्योगिक क्षेत्र, शिवाजी मार्ग, नई दिल्ली-110015 (भारत) फोन नंबर: 011-45349999 वेबसाइट- www.ramavisionltd.com
**ईमेल आईडी**- investor_relations@ramavisionltd.com.info@ramavisionltd.com
**पंजीकृत कार्यालय:** प्लॉट नंबर 10/1, 10/2, खसरा नंबर 302 और 307. हिमालयन मेगा फूड पार्क, सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर, महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड 244713
**फोन नंबर:** 05947-297511 ईमेल आईडी- site1@ramavisionltd.com

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुन: प्रस्तुत करने के लिए विशेष विंडो**

कंपनी के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सेबी ने परिपत्र संख्या एचओ/38/13/11(2) 2026-एमआईआरएसडी-पीओडी/1/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के माध्यम से 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए एक विशेष विंडो खोलने का निर्णय लिया है। यह विंडो 1 अप्रैल, 2019 से पहले बेची या खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन ('डीमैट') को सुविधाजनक बनाने के लिए स्थापित की गई है। इसमें वे हस्तांतरण अनुरोध भी शामिल हैं जो पहले प्रस्तुत किए गएँ थे लेकिन दस्तावेजों, प्रक्रिया या अन्य किसी कमी के कारण अस्वीकृत/वापस कर दिए गए थे। इस अवधि के भीतर, हस्तांतरित प्रतिभूतियों को प्राप्तकर्ता के खाते में सख्ती से डीमैट मोड में जमा किया जाना चाहिए और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष के लॉक-इन के अधीन होगा। कृपया ध्यान दें कि लॉक-इन अवधि के दौरान इन प्रतिभूतियों का हस्तांतरण, ग्रहणाधिकार चिह्न लगाना या गिरवी रखना संभव नहीं है, और ऐसे हस्तांतरण-सह-डीमैट अनुरोधों के लिए सभी उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया उपर्युक्त सेबी का परिपत्र देखें। पात्र शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे मूल शेयर प्रमाण पत्रों, जैसा कि सेवी के उपरोक्त प्रपत्र में वर्णित है, अपने शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों के लिए अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित हस्तांतरण अनुरोध कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट (आरटीए) मेसर्स एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को नोबल हाइट्स, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर एनएच-2, सी-1 ब्लॉक, एलएससी, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, ईमेल आईडी: delhi@in.mpms.mufg.com, दूरभाष संख्या: 011-49411000 पर निर्धारित अवधि के भीतर जमा करें।

**नोट: सभी शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी/आरटीए/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ अपनी ईमेल आईडी अपडेट करें।**

दिनांक: जून 12, 2026
स्थान: नई दिल्ली

रामा विजन लिमिटेड के लिए
(एसडी/-) राज कुमार सहगल
जीएम (विधिक) और कंपनी सचिव



**ग्रामोत्थान परियोजना (REAP) चम्पावत**

पत्रांक 106/विज्ञापन/26-27 दिनांक 11/06/2026

प्रेस विज्ञप्ति

ग्रामोत्थान परियोजना/REAP चम्पावत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं सतत आजीविका सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद चम्पावत के अंतर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की स्थापना हेतु पात्र एवं इच्छुक व्यक्तिगत उद्यमियों/संस्थाओं/कंपनियों से प्रस्ताव (RFP) आमंत्रित हैं।

प्रस्तावित उद्यम –

| क्रम संख्या | उद्यमों का नाम | कुल मात्रा/संख्या | प्रस्तावित धनराशि प्रति युनिट (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | Small Rise Mill | 01 | 40.00 |
| 2 | Small Oil Extraction Unit | 01 | 27.00 |
| 3 | Retail out-let | 01 | 10.00 |
| 4 | Ginger Handling Facilities | 01 | 32.00 |
| 5 | Turmeric Handling Facilities | 01 | 15.00 |
| 6 | Other Enterprises | 03 | 15.00 |

ईच्छुक व्यक्ति/संस्थाओं द्वारा आवेदन रीप कार्यालय चम्पावत से प्राप्त कर 10 मार्च 2027 तक पहले आओ, पहले पाओं की तर्ज पर ग्रामोत्थान परियोजना/REAP कार्यालय, विकास भवन चम्पावत से किसी भी कार्यदिवस में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के माध्यम से जमा किए जा सकते है।

सम्पर्क नं.-9759654993 ईमेल- reapchampawat@ugvs.org

जिला परियोजना प्रबंधक (ग्रामोत्थान/REAP) | जिला मिशन प्रबंधक USRLM, चम्पावत | मुख्य विकास अधिकारी चम्पावत


# गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क उपचार

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** जिलाधिकारी डा.आशीष चौहान ने जनपद में गंभीर एवं जन्मजात बीमारियों से ग्रसित ऐसे बच्चों के चिन्हीकरण एवं उपचार की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं, जिनके परिजन आर्थिक रूप से उपचार का व्यय वहन करने में सक्षम नहीं हैं। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास विभाग को 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी, देहरादून को 6 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों एवं किशोरों के चिन्हीकरण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कोई भी बच्चा केवल आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन्मजात अथवा अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उनकी जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें समयबद्ध उपचार प्रदान किया जा सके। डीएम ने बताया कि चिन्हित बच्चों का उपचार भारत सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत नि:शुल्क कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिन गंभीर बीमारियों का उपचार आरबीएसके के तहत संभव नहीं होगा, उनके उपचार के लिए अन्य उपलब्ध वित्तीय संसाधनों एवं राइफल फंड का उपयोग किया जाएगा, जिससे बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में बाल विकास विभाग द्वारा जनपद में अब तक 6 वर्ष तक की आयु के 12 गंभीर रूप से बीमार बच्चों का चिन्हीकरण किया जा चुका है।

# पर्यटन की नई बी एंड बी नीति उत्तराखंड के हितों के विरुद्ध : माहरा

उत्तर उजाला ब्यूरो



**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य करन माहरा ने पर्यटन विभाग द्वारा लागू की गई बेड एवं ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) पंजीकरण व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह नीति राज्य के मूल निवासियों, स्थानीय पर्यटन व्यवसाय और उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान के लिए दीर्घकालिक खतरा उत्पन्न कर सकती है।

माहरा ने यहां जारी बयान में कहा कि उत्तराखंड में होमस्टे योजना का उद्देश्य स्थानीय परिवारों को पर्यटन से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था। होमस्टे की अवधारणा स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक आतिथ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए विकसित की गई थी। लेकिन वर्तमान बी एंड बी नीति में ऐसे प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिनके तहत संपत्ति का मालिक स्वयं उस परिसर में निवास किए बिना भी अधिकृत ऑपरेटर, मैनेजर अथवा वाणिज्यिक सेवा प्रदाता के माध्यम से पर्यटन व्यवसाय संचालित कर सकता है। उन्होंने कहा कि एक ओर राज्य सरकार उत्तराखंड की भूमि, संसाधनों और जनसांख्यिकीय संतुलन की रक्षा के नाम पर सख्त भू-कानूनों की बात करती है, वहीं दूसरी ओर ऐसी नीतियां लाई जा रही हैं जो बाहरी व्यक्तियों और व्यावसायिक समूहों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से राज्य के पर्यटन क्षेत्र में प्रवेश के नए रास्ते खोलती दिखाई दे रही हैं। यह स्थिति सरकार की नीतियों और उसके सार्वजनिक बयानों के बीच गंभीर विरोधाभास को दर्शाती है। करन माहरा ने कहा कि राज्य के भू-कानूनों के अंतर्गत बाहरी व्यक्तियों द्वारा भूमि क्रय एवं उसके व्यावसायिक उपयोग को लेकर पहले से ही संवेदनशील बहस चल रही है। ऐसे समय में बी एंड बी व्यवस्था के माध्यम से बिना स्थानीय निवास की अनिवार्यता के पर्यटन व्यवसाय संचालित करने की अनुमति कई नए प्रश्न खड़े करती है। इससे स्थानीय युवाओं, छोटे होटल व्यवसायियों और होमस्टे संचालकों के सामने असमान प्रतिस्पर्धा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की पहचान केवल पर्यटन स्थलों के रूप में नहीं है, बल्कि वे अपनी विशिष्ट संस्कृति, सामाजिक संरचना, परंपराओं और सामुदायिक जीवन के लिए भी जाने जाते हैं।

## आजीविका के लिए कौशल का अभाव दूर करने पर मंथन

**देहरादून।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा देहरादून में वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली क्षेत्रीय सलाहकार समिति (आरएसी) की बैठक एवं उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों में स्थानीय आजीविका के लिए कौशल की कमी के अभाव को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ग्रामीण विकास में युवाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में उत्तराखंड क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून ने पहली क्षेत्रीय सलाहकार समिति (आरएसी) बैठक एवं उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों में स्थानीय आजीविका के लिए कौशल की कमी के अभाव को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन आईटी पार्क स्थित कार्यालय में किया।

## गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की नई कार्यकारिणी गठित

**देहरादून।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। कार्यकारिणी में बची सिंह रावत प्रदेश अध्यक्ष और बाली राम चौहान को प्रदेश महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में रुड़की में संपन्न चुनाव में राम कुमार अग्रवाल को प्रदेश संरक्षक, महेन्द्र कुमार अग्रवाल प्रदेश कोषाध्यक्ष, गोरधन दास गुप्ता संप्रेक्षक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गढ़वाल मंडल पीसी नौडियाल और कुमाऊं मंडल प्रताप सिंह गड़िया, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिवेणी सहाय गंगवार, हेमचन्द्र जोशी, योगेश कुमार शर्मा और उषा थपलियाल, सलाहकार पान सिंह रौतेला और प्रदेश मंत्री पद के लिए डा.विजय कुमार रतूड़ी को निर्वाचित घोषित किया गया।निर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी द्वारा शपथग्रहण कराया गया।प्रदेश अध्यक्ष बची सिंह रावत और महामंत्री बाली राम चौहान ने सभी जनपद शाखाओं के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार पर दबाव बनाकर पेंशनर्स की सभी महत्वपूर्ण मांगों पर कार्यवाही कराने का प्रयास किया जाएगा।

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**कब्जे से चोरी के 12 दोपहिया वाहन बरामद**




उत्तर उजाला ब्यूरो

**हरिद्वार/भगवानपुर।** कोतवाली पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 12 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में दो का आपराधिक इतिहास सामने आया है, जिनमें एक आरोपी के खिलाफ पहले से 11 और दूसरे के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं।

इंस्पेक्टर रितेश शाह ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और पिछले पांच वर्षों में जेल से छूटे वाहन चोरों का सत्यापन किया। इसके साथ ही सहारनपुर, मुजफ्फरनगर समेत सीमावर्ती जिलों से भी सूचनाएं जुटाई गईं। लगातार जांच और चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने खेलपुर रोड से खानपुर जाने वाले मार्ग पर तीन संदिग्ध युवकों को चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ और निशानदेही पर उनके कब्जे से कुल 12 चोरी की बाइक बरामद हुईं। इनमें भगवानपुर और कलियर क्षेत्र के अलावा हिमाचल प्रदेश के बद्दी से चोरी हुई बुलेट मोटरसाइकिल भी शामिल है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि कुलदीप सैनी पुत्र सतपाल निवासी अम्बेहटी, थाना नकुड़, और कुलदीप कुमार पुत्र भूल्लन निवासी दादनौर, थाना नकुड़, सहारनपुर एवं मुनव्वर पुत्र बसीर निवासी कुण्डाकला, थाना गंगोह जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया है। मेडिकल जांच के बाद तीनों को कोर्ट से जेल भेज दिया है।


**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 495 **अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक 12.06.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद), यूजेवीएनएल, सिरकारी भ्योल रूपसियाबगड, मुनस्यारी, पिथौरागढ इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है।
निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
निविदा सं0 02/UJVNL/EE(C-SBR)/2026-27
कार्य का नाम : तहसील धारचूला, जनपद पिथौरागढ़ में अवस्थित सेला उर्थिंग जल विद्युत परियोजना (114 मेगावॉट) के बैराज/डैम साईट के निकट गेज, डिस्चार्ज एवं सिल्ट मापन के संचालन एवं अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य।
अनुमानित लागत : 23,43,480.00/-(जीएसटी कर रहित)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 12.06.2026 को 11:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 27.06.2026 को 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

(अधिशासी अभियन्ता (जानपद) सि0भ्यो0रू0प0)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**BRIDCUL (ब्रिडकुल)**

ब्रिज,रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड, परियोजना इकाई कार्यालय श्रीनगर (पौड़ी गढ़वाल)
टेलीफोन नं. : 0135-2522941 ई-मेल: pmbridcul.ddn@gmail.com CIN No. U45203UR2008SGC032591

Ref No:- 457/BRIDCUL-233/26 **E-Tender- 2nd Call** Date: 12/06/2026

**NIT No-(BRIDCUL/PU-SRINAGAR/2026-27)**

On behalf of Hon'ble Governor of Uttarakhand, E-Tenders are invited by MD, BRIDCUL from registered contractors in any Govt./Semi Govt. Department/Govt.PSU/Nigams in suitable class & category for the following work:-

| S. No | Name of work | Estimated Cost with GST (In lac) | Bid Security/ EMD (In Lac.) | Cost of Tender Document | Document Download Start Date | Bid submission End Date | Date of Technical Bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Slip & Boulder Clearance work for Satpuli-Kandakhal-Sisildi Service Road to NH 534 & SH 51 (Length 32 KM) under Chobattakhal/Lansdowne Constituency under CRIF Project at District Pauri Garhwal | 25.40 | 0.76 | Rs. 5000/- + 18% GST | 15.06.2026 | 29.06.2026 | 29.06.2026 |

The details of e-tender of above work can be obtained directly from website https://www.uktenders.gov.in. Changes if any will be intimated only through our website https://www.uktenders.gov.in.

**Project Manager, BRIDCUL**



**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर – 263153
कारपोरेट आईडेन्टिटी संख्या: U40109UR2001SGC025867, दूरभाष:- 05944-243405

**विद्युत बाधित सूचना**

विद्युत वितरण उपखण्ड, सिडकुल से संबंधित समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत वितरण उपखण्ड सिडकुल के अन्तर्गत 33 के०वी० लाईनों को बदलने एवं 33/11 के०वी० उपकेन्द्र, सर्किल में आवश्यक अनुरक्षण का कार्य प्रस्तावित है जिस हेतु निम्नलिखित तिथियों में निम्नलिखित उपकेन्द्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आआंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| उपसंस्थान | प्रभावित पोषक | प्रभावित क्षेत्र | दिनांक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, सेक्टर-11 | 33 के०वी० सी०बी० नं० 4 | मैं० डीवीएस, महाबल, मंत्री मैटालिक, महारास्ट्र ऑटो, सुन्दरम फास्नर ल्यूमैक्स, भवानी, अनुसूर्या, बड़वे, म्यूचल, एलेनबेरी, समस्त टाटा वेण्डर पार्क | 14.06.2026 एवं 21.06.2026 | प्रात: 09:00 बजे से 06:00 बजे तक |
| 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, सर्किल | 33 के०वी० सर्किल | खेड़ा, खेड़ा न्यायालय परिसर, दरियानगर, राजा कालोनी, गुरुद्वारा मेन मार्केट, गांधी कालोनी, भूत बंगला, प्रीत बिहार इत्यादि | 15.06.2026 | प्रात: 08:00 बजे से 02:00 बजे तक |

अत: आपसे अनुरोध हैं कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलायें, जिससे बैक फिडिंग के कारण कित्ती भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

No: 418/EE(cm)/UPCL/A-2 Dated: 12/06/2026 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)


## यूकेएसएसएससी परीक्षा को लेकर हरिद्वार में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

उत्तर उजाला ब्यूरो

**हरिद्वार।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभागों में स्नातक स्तरीय पदों के लिए लिखित प्रतियोगी परीक्षा 14 जून 2026 रविवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक एकल पाली में आयोजित की जाएगी। जनपद हरिद्वार में परीक्षा के लिए 16 केंद्र बनाए गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट हर गिरी ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू की गई है। आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन और शांति व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। निर्धारित क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण करने वाले उपकरणों के प्रयोग पर भी रोक लगाई गई है।

परीक्षा केंद्रों के आसपास हथियार, विस्फोटक पदार्थ या अन्य प्रतिबंधित सामग्री लेकर चलना वर्जित रहेगा। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि परीक्षा के दौरान केवल ड्यूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस बल को ही निर्धारित क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति होगी। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.**

**विद्युत वितरण खण्ड, भिकियासैंण (अल्मोड़ा)**

**विद्युत समस्या समाधान शिविर सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड भिकियासैंण के अन्तर्गत समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तलिका अनुसार निम्नलिखित क्षेत्रों में विद्युत बिल संशोधन, विद्युत बिल जमा, नये संयोजन, विद्युत सम्बन्धित समस्त समस्याओं के निवारण के साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं मुख्यमंत्री सौर सरोजगार योजना से सम्बन्धित जानकारी प्रदान किया जाना हैं।

अत: विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त शिविरों का लाभ उठाये तथा विभाग को सहयोग प्रदान करने की कृपा कर।

**विद्युत वितरण उपखण्ड भिकियासैंण**

| क्रम0स0 | 33/11 के0वी0 अनुभाग/उपगृह | शिविर लगानें की तिथि | शिविर लगायें जाने हेतु स्थान | सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहनरी | 15-06-2026 | चमड़खान | ई० तुषार चौहान उपखण्ड अधिकारी वि0वि0उ0खं0 भिकियासैंण मो0- 9456593522<br>श्री खुशाल सिंह अवर अभियन्ता भिकियासैंण/मोहनरी मो0- 9456593508<br>हिमांशु गोस्वामी अवर अभियन्ता (प्रभारी) स्याल्दे/देघाट मो0- 9412093240 मासी 9412093245 |
| 2 | मासी | 17-06-2026 | भगोती | |
| 3 | भिकियासैंण | 18-06-2026 | बासोट | |
| 4 | मासी | 19-06-2026 | बाजन | |
| 5 | स्याल्दे | 20-06-2026 | गुमटी | |
| 6 | मासी | 22-06-2026 | मासी बिजलीघर | |
| 7 | मोहनरी | 23-06-2026 | चमड़खान | |
| 8 | स्याल्दे | 24-06-2026 | नागचुलाखाल | |
| 9 | देघाट | 25-06-2026 | देघाट बाजार | |

**विद्युत वितरण उपखण्ड मौलेखाल**

| क्र0स0 | 33/11 के0वी0 अनुभाग/उपगृह | शिविर लगानें की तिथि | शिविर लगायें जाने हेतु स्थान | सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शशिखाल | 15-06-2026 | बंगीधार | ई0 श्री तसनीफ अनवर उपखण्ड अधिकारी वि0वि0उ0खं0 मौलेखाल मो0- 9412093240<br>श्री वसीम अहमद अवर अभियन्ता सल्ट/मानिला/मछोड मो0- 9412093241 |
| 2 | शशिखाल | 17-03-2026 | शशिखाल बिजलीघर | |
| 3 | मानिला | 18-06-2026 | झिमार बाजार | |
| 4 | मछोड़ | 19-06-2026 | हरड़ा बाजार | |
| 5 | शशिखाल | 20-06-2026 | मरचूला बाजार | |
| 6 | मानिला | 22-06-2026 | क्वैरला बाजार | |
| 7 | मछोड़ | 23-06-2026 | मछोड़ बाजार | |
| 8 | मानिला | 25-06-2026 | पैशिया बाजार | |

Customer care Toll Free No. 18004190405,
Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org
बिद्युत बिलों के 24x7ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
विद्युत बिलों का समय पर भुगतान करें "राष्ट्रहित में बिजली बचायें', बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, भिकियासैंण (अल्मोड़ा)

संख्या: 990 दिनांक: 12.06.2026